छत्तीसगढ़ में देश के सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

छत्तीसगढ़ ने **राजनांदगाँव ज़िले** के ढाबा गाँव के पास स्थित बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली वाले देश के सबसे **बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र** का उद्घाटन किया है।

- इसकी स्थापना [भारतीय सौर ऊर्जा निगम (SECI)](#) द्वारा की गई है और **छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी 100 मेगावाट की क्षमता प्रदान करती है।**

मुख्य बिंदु:

- यह सौर संयंत्र सुनिश्चित करता है कि **रात के दौरान भी विद्युत रहेगी** और **प्रतिदिन पाँच लाख यूनिट** से अधिक विद्युत उत्पन्न होगी।
  - इससे **4.5 लाख मीट्रिक टन** [कार्बन उत्सर्जन](#) **कम होगा और** [हरित ऊर्जा](#) **को बढ़ावा मिलेगा।**
- [छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (CREDA)](#) द्वारा स्थापित ऑन-ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र सतत् ऊर्जा की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- यह संयंत्र 1 फरवरी, 2024 को स्थापित किया गया था। इसमें **2,39,000 बाइफेशियल** [सोलर पैनलों](#) **से सुसज्जित 100 मेगावाट का सौर संयंत्र है** जो दोनों तरफ से विद्युत का उत्पादन कर रहा है।
- इस संयंत्र में [सौर ऊर्जा](#) **का उपयोग करके अगले सात वर्षों तक विद्युत उत्पन्न करने की उम्मीद है।**
- राजनांदगाँव ज़िले के **बैरम पहाड़ी क्षेत्र में पहला सोलर** पार्क स्थापित करने का निर्णय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सौर ऊर्जा के लिये इन पहाड़ी इलाकों का अधिकतम उपयोग करने हेतु लिया गया था।
  - **परियोजना वर्ष 2016 में शुरू हुई**, जिसमें पहले चरण में पाँच गाँव और 181.206 हेक्टेयर तथा दूसरे चरण में चार गाँव एवं 196-217 हेक्टेयर शामिल थे।

भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड (SECI)

- इसकी स्थापना वर्ष 2011 में **राष्ट्रीय सौर मिशन (NSM) के कार्यान्वयन** को सुविधाजनक बनाने और इसके द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये की गई थी।
- SECI को शुरुआत में **कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत धारा 25 कंपनी (गैर-लाभकारी)** के रूप में शामिल किया गया था। वर्ष 2015 में, इसे धारा -3 कंपनी में बदल दिया गया था।
- SECI एक अनुसूची-A केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (CPSU) है। यह **[भारत में नवीकरणीय ऊर्जा (RE)](#)** क्षेत्र के विकास के लिये समर्पित एकमात्र CPSU है और इसकी गतिविधियों का दायरा सभी संसाधनों को कवर करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-inaugurates-country-s-biggest-solar-energy-plant